ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
वर्ष 2013

प्रश्न पुस्तिका कोड 1291

अभ्यर्थी का अनुक्रमांक [redacted]

समयः 2 घंटे | कुल प्रश्नः 100

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश exampre.in

- प्रश्नों के उत्तर अलग से दिये गये ओ0एम0आर उत्तर पत्रक पर ही दें, इस प्रश्न पुस्तिका पर नहीं ।
- अतिरिक्त ओ0एम0आर उत्तर पत्रक उपलब्ध नहीं कराया जायेगा। अतः इसका प्रयोग सावधानी पूर्वक करें और इसे मोंड़ें नहीं।
- ओ0एम0आर उत्तर पत्रक पर लिखने एवं वृत्त / वृत्तों को भरने हेतु केवल काले अथवा नीले बाल प्वाइंट पेन का ही प्रयोग करें।
- वृत्त को पूरी तरह इस प्रकार भरें ताकि वृत्त में लिखा अंक दिखाई न दे।
- केवल ओ0एम0आर उत्तर पत्रक पर निश्चित स्थानों पर ही चिन्ह बनायें। ओ0एम0आर उत्तर पत्रक तथा प्रश्न पुस्तिका पर कोई अवांछित चिन्ह न बनायें और न ही कहीं पर अपना नाम लिखें।
- अपना अनुक्रमांक केवल अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में लिखें। अपना अनुक्रमांक उत्तर पत्रक पर दिये खानों में निम्नानुसार लिखें।

उदाहरणः— जैसे अनुक्रमांक संख्या 2057599 इस प्रकार लिखें।

अंकों में	2	0	5	7	5	9	9

- किसी भी प्रश्न के उत्तर के लिये केवल एक वृत्त को ही काला करें क्योंकि एक से अधिक वृत्तों के काला करने पर स्केनर उस उत्तर को गलत मानेगा।

उदाहरण : माना प्रश्न संख्या 20 निम्न प्रकार है।

प्र0 20 : निम्न में से किस क्षेत्र में ज्ञानपीठ पुरुस्कार दिया जाता है।

1. विज्ञान
2. फिल्म
3. साहित्य
4. उद्योग

यदि आप सोचते हैं कि इस प्रश्न का सही उत्तर 3 पर है तो ओ0एम0आर उत्तर पत्रक पर निम्न सही विधि अपनायें।

सही विधि | गलत विधि



- परीक्षार्थी यदि प्रश्न पुस्तिका में कोई पृष्ठ या प्रश्न नहीं पाते हैं तो तुरन्त कक्ष निरीक्षक को दिखायें ताकि दूसरी सही प्रश्न पुस्तिका दी जा सके।
- उत्तर पत्रक के मूल्यांकन में गलत उत्तर पर ऋणात्मक नम्बर (25 प्रतिशत) दिये जायेंगे।
- उत्तर पत्रक के गोलों पर बाल पेन का सही दबाव बनाकर भरें ताकि कार्बनलैस उत्तर पत्रक पर भरे गोलों की छाप आ सके।
- परीक्षा में किसी केलकुलेटर या अन्य किसी भी इलैक्ट्रोनिक उपकरण का प्रयोग वर्जित है।

महत्वपूर्ण नोट : केवल परीक्षा के अंत में जब उत्तर पत्रक कक्ष निरीक्षक को दें तभी मूल पत्रक व डुप्लीकेट पत्रक को छिद्रित लाइन से फाड़ कर अलग करें। मूल पत्रक कक्ष निरीक्षक को दें तथा डुप्लीकेट पत्रक व प्रश्न पुस्तिका अपने साथ ले जायें।

Scanned by CamScanner

प्र01. 'नाक पर सुपारी तोड़ना' मुहावरे का सही अर्थ है–
1. इज्जत उतार देना
2. घृणा प्रकट करना
3. बहुत परेशान करना ✓
4. असंभव कार्य करना

प्र02. 'गूलर का फूल होना' का अर्थ है–
1. कभी–कभी दिखाई देना ✓
2. स्पष्ट दिखाई देना
3. कभी भी दिखाई न देना
4. व्यर्थ की बात करना

प्र03. 'पत्थर की लकीर' होने का अर्थ है–
1. अमिट होना ✓
2. कठोर होना
3. कठिन होना
4. मिट जाना

प्र04. निम्न शब्दों में कौन सी बर्तनी सही है?
1. आर्शीवाद
2. आर्षिवाद
3. अशीर्वाद
4. आशीर्वाद ✓

प्र05. निम्न शब्दों में किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है?
1. कृतकृत्य
2. कनिष्ठ
3. ओद्योगिक ✓
4. अलौकिक

प्र06. दयानन्द में प्रयुक्त संधि क नाम है–
1. यण् संधि
2. गुण संधि
3. दीर्घ संधि ✓
4. वृद्धि संधि

प्र07. सत्याग्रह का सही संधि–विच्छेद है–
1. सत्या + ग्रह
2. सत + आग्रह
3. सत्य + ग्रह
4. सत्य + आग्रह ✓ दीर्घ

प्र08. 'परीक्षा' शब्द निम्नलिखित वर्गों में से किस वर्ग में आता है?
1. तत्सम ✓
2. तद्भ्व
3. देशज
4. विदेशज

प्र0 9. नीचे दिए गए विकल्पों में से तदभव शब्द का चयन कीजिये–
1. बैंक
2. मुँह ✓
3. मर्म
4. प्रलाप

प्र010. 'जितेन्द्रिय' में कौन सा समास है?
1. द्वन्द्व
2. बहुव्रीहि ✓
3. तत्पुरूष
4. कर्मधारय

प्र011. द्विगु समास का उदाहरण कौन सा है?
1. आजीवन
2. भूदान
3. लोकप्रिय
4. सप्ताह ✓

प्र012. दिनकर का पर्यायवाची शब्द है–
1. निशाचर
2. प्रभाकर ✓
3. सुधाकर
4. विभाकर

प्र013. असुर का पर्यायवाची शब्द नहीं है–
1. दनुज
2. दानव
3. दैत्य
4. यक्ष ✓

प्र014. अल्पज्ञ का विलोम शब्द है–
1. अवज्ञ
2. सर्वज्ञ ✓
3. अभिज्ञ
4. कृतज्ञ

Scanned by CamScanner

प्र015. एकाधिकार का विलोम है–
1. अनेकाधिकार
2. सर्वाधिकार ✓
3. पराधिकार
4. परमाधिकार

प्र016. 'तीन बेर खाती थी वो तीन बेर खती है' में कौन सा अलंकार है?
1. अनुप्रास
2. श्लेष
3. यमक ✓
4. अन्योक्ति

प्र017. ''जाति न पूछो साधु की, पूछ जीजिये ज्ञान। मोल करो तलवार का पडा रहन दो म्यान।।'' उक्त पंक्तियां किसे द्वारा कही गई हैं।
1. कबीर ✓
2. तुलसी
3. जायसी
4. रसखान

प्र018. 'दिनकर' किस रस के कवि माने जाते है?
1. रौद्र रस
2. करूण रस
3. वीर रस ✓
4. श्रृंगार रस

प्र019. हिन्दी गद्य का जन्मदाता किसको माना जाता है?
1. प्रताप नारायण मिश्र
2. महावीर प्रसाद द्विवेदी
3. भारतेन्दु हरीशचन्द्र ✓
4. बाल कृष्ण भट्ट

प्र020. छायावाद के प्रवर्तक का नाम है–
1. सुमित्रानन्दन पंत
2. महादेवी बर्मा
3. रामधारी सिंह दिनकर
4. जयशंकर प्रसाद ✓

प्र021. पचायतीराज संरचना में पंचायत समिति किस स्तर पर कार्य करती है?
1. ग्राम स्तर पर
2. ग्राम पंचायत स्तर पर ✓
3. ब्लाक स्तर पर
4. जिला स्तर पर

प्र022. प्रणब मुखर्जी देश के........ राष्ट्रपति निर्वाचित हुए है–
1. बारहवें
2. तेरहवें ✓
3. चौदहवें
4. पन्द्रहवें

प्र023. लीबिया का तानाशाह कर्नल मु0 गददाफी कब मारा गया?
1. 20 अक्टूबर, 2011 को ✓
2. 8 अक्टूबर, 2011 को
3. 18 अगस्त, 2011 को
4. 20 अगस्त, 2011 को

प्र024. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तराखण्ड की जनसंख्या भारत की जनसंख्या का कितना प्रतिशत है?
1. 0.84 प्रतिशत ✓
2. 0.88 प्रतिशत
3. 0.98 प्रतिशत
4. उपरोक्त में कोई नहीं

प्र025. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तराखण्ड की साक्षरता दर है–
1. 78.02 प्रतिशत
2. 82.06 प्रतिशत
3. 79.63 प्रतिशत ✓
4. उपरोक्त में कोई नहीं

प्र026. पंचायती राज पद्यति को अपनाया गया–
1. लोगों को राजनीति सिखाने के लिए
2. प्रजातंत्र में सत्ता के विकेन्द्रीकरण के लिए ✓
3. किसानों को शिक्षित करने के लिए
4. उपरोक्त में कोई नहीं

Scanned by CamScanner

प्र027. अन्तर्राष्ट्रीय श्रम दिवस (मजदूर दिवस)किस दिन मनाया जाता है?
1. 4 मई
2. 8 मई
3. 11 मई
4. 1 मई

Exampre.in

प्र028. उत्तराखण्ड स्थापना दिवस किस दिन मनाया जाता है?
1. 1 नवम्बर
2. 5 नवम्बर
3. 8 नवम्बर
4. 9 नवम्बर

प्र029. 'अभिज्ञान शाकुन्तलम्' किसने लिखा है?
1. चरक
2. हरिषेण
3. बाणभट्ट
4. कालीदास

प्र030 'आइने अकबरी' पुस्तक के रचयिता कौन है?
1. अबुल फजल
2. कैफी आजमी
3. अब्दुल्ला हुसैन
4. फिराक गोरखपुरी

प्र031. 'भारतीय ज्ञान पीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रथम हिन्दी साहित्यकार–
1. सुमित्रानन्दन पन्त
2. महादेवी वर्मा
3. मैथलीशरण गुप्त
4. राम विलास शर्मा

प्र032. श्री चंडी प्रशाद भट्ट को एक अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया, वह पुरस्कार है–
1. नोवेल पुरस्कार
2. आस्कर पुरस्कार
3. रेमन मैग्सेसे पुरस्कार
4. उपरोक्त में कोई नही

प्र033. वर्ष 2012 में कितने लोगों को पदम विभूषण सम्मान दिया गया?
1. 5
2. 10
3. 12
4. 15

प्र034. लंदन ओलम्पिक 2012 में सबसे अधिक स्वर्ण पदक किस देश ने जीते?
1. चीन
2. अमेरिका
3. रूस
4. ब्रिटेन

प्र035. विश्व स्वास्थ्य संगठन का मुख्यालय कहाँ है?
1. जिनेवा
2. पेरिस
3. बर्लिन
4. वाशिंगटन

प्र036. साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'उत्तराखण्ड शोध संस्थान' की स्थापना किसने की?
1. डा0 गिरिराज शाह
2. बद्री दत्त पाण्डेय
3. शैलेश मटियानी
4. श्रीमती गौरा पन्त

प्र037. कम्प्यूटर स्कीन पर ब्लिंक करने वाले प्रतीक को कहते है
1. माउस
2. कर्सर
3. लोगो
4. पाम

प्र038. एम0एस0 डॉस क्या है?
1. सिस्टम सॉफ्टवेयर
2. एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर
3. यूनिक सॉफ्टवेर
4. उपरोक्त में कोई नहीं

Scanned by CamScanner

प्र039 यदि 'ए' पुत्र है 'क्यू' का, तथा 'क्यू' और 'वाई' बहने हैं। 'वाई' की माँ 'जेड' है। 'पी' पुत्र है 'जेड' का तो निम्नलिखित मे कौन सा कथन सही है?

1. 'ए' का मामा 'पी' है
2. 'पी' और 'वाई' बहनें हैं
3. 'ए' का चाचा 'पी' है
4. 'ए' और 'पी' चचेरे भाई हैं

exampre.in

प्र040. मोहन ए से बी तक 2 कि.मी. उत्तर की ओर चलता है। वहाँ वह 90^0 दाएँ मुड़कर 3 कि.मी. सी तक चलता है। फिर 90^0 पर दाएँ मुड़कर 8 कि.मी. दूर डी तक जाता है। फिर 90^0 दाएँ मुडकर 3 कि.मी. दूर ई तक जाता है। वहाँ फिर एक बार 90^0 पर दाएँ मुड़कर 4 कि.मी. एफ तक जाता है। तब ए से एफ की दूरी कितनी है?

1. 2 कि.मी.
2. 4 कि.मी.
3. 6 कि.मी.
4. उपरोक्त में कोई नहीं

प्र041 एक बन्दर 12 मी0 ऊँचे खम्भे में चढ़ता है। वह पहले मिनट में 2 मी. चढता है और अगले मिनट में 1 मी0 नीचे फिसल जाता है। आगे भी इसी प्रकार कम जारी रहे तो वह कितने मिनट में खम्भे के शीर्ष पर पहुँच जायेगा?

1. 21
2. 20
3. 22
4. 10

प्र042. निम्नलिखित में कौन सी आकृति सही तरीके से चोर, जज व अपराधी के बीच के सम्बन्ध को दर्शाती है।



प्र043. भारतीय शास्त्रीय नृत्य "कत्थक" किस राज्य से सम्बन्धित है?

1. उत्तर प्रदेश
2. ओडीसा
3. तमिलनाडु
4. केरल

प्र044. भोटि़या कहाँ की जनजाति है?

1. पंजाब
2. बिहार
3. उत्तराखण्ड
4. हरियाणा

प्र045 हमारे देश का राष्ट्रीय ग्रंथ है?

1. रामायण
2. रामचरित मानस
3. गीता
4. वेद

प्र046. "काफल पाको" गीत एवं "नन्दिनी गीत" के रचियता है?

1. गुमानी पन्त
2. चन्द्रकुंवर "बड़थ्वाल"
3. गौर्दा
4. उपरोक्त में कोई नहीं

प्र047. कौन सा नगर "मन्दिरों की नगरी"के नाम से प्रसिद्व है?

1. जागेश्वर
2. विभाण्डेश्वर
3. द्वाराहाट
4. कटारमल

प्र048. उत्तराखण्ड के चार धामों मे से एक केदारनाथ धाम उत्तराखण्ड के किस जनपद में स्थित है?

1. चमोली
2. रूद्रप्रयाग
3. टिहरी
4. उत्तर काशी

Scanned by CamScanner

प्र049. गद्दी निम्न में से किस राज्य की जनजाति है?
1. हिमाचल प्रदेश
2. पंजाब
3. उपर्युक्त 1 और 2 दोनों
4. उपर्युक्त में से कोई नही

प्र050. उत्तराखण्ड राज्य में "कुमॉऊ केसरी" कहा जाता है?
1. सुन्दर लाल बहुगुणा को
2. बद्रीदत्त पाण्डेय को
3. हेमवती नन्दन बहुगुणा को
4. डा० मुरली मनोहर जोशी को

प्र051 निम्न में से किस कारण द्वारा संघ सरकार नागरिकता का अपहरण कर सकती ?
1. असत्य अभिलेख
2. देश द्रोह करने पर
3. दीर्घ काल एक और अनुमति के बिना देश से बाहर रहने पर
4. उपर्युक्त सभी

प्र052. निम्न में से कौन सा अधिकार अब मौलिक अधिकार नहीं ?
1. समानता का अधिकार
2. धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार
3. स्वतंत्रता का अधिकार
4. सम्पत्ति का अधिकार

प्र053. भारत की राष्ट्रीय मिठाई?
1. जिलेबी
2. बर्फी
3. लड्डू
4. बालूसाई

प्र054. भारत में वर्तमान में उच्चन्यायालयों की संख्या है?
1. 21
2. 22
3. 23
4. 24

प्र055. मंत्री मंडल किसके प्रति उत्तर दायी होता है?
1. लोक सभा
2. राष्ट्रपति
3. प्रधानमंत्री
4. लोक सभा अध्यक्ष

प्र056. संविधान के अनुच्छेद 80 के अनुसार राज्य सभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या हो सकती है?
1. 250
2. 245
3. 255
4. 240

प्र057. वर्तमान समय में भारतीय संघ के कितने राज्यों में विधान परिषदें है?
1. 6
2. 8
3. 10
4. 12

प्र058. संविधान का 73वॉ संशोधन किससे सम्बन्धित है?
1. पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना
2. लोकसभा तथा राज्य विधान सभाओं के लिए मतदान करने वालों की आयु 21 वर्ष घटाकर 18 वर्ष की गई
3. दल–बदल रोकने के लिए प्राविधान
4. राज्यों में राष्ट्रपति शासन की तीन वर्ष तक बढाने की व्यवस्था

Scanned by CamScanner

प्र059. पंचायतों की शक्तियॉं, अधिकार एवं दायित्व, संविधान की किस अनुसूचि में वर्णित है?
1. ग्यारहवीं
2. दशवीं
3. नवीं
4. बारहवीं

प्र060. अनुच्छेद 352 के अन्तर्गत अब तक कितने वार देश में आपात काल "संकट कालीन स्थिति" की घोषणा की गई है?
1. 4
2. 3
3. 2
4. 1

प्र061. सौर मण्डल का सबसे बडा ग्रह है?
1. बुध (मरकरी)
2. शुक्र (वीनस)
3. यम (प्लूटो)
4. वृहस्पति (जुपीटर)

प्र062. किस तिथि को पृथ्वी, सूर्य से अधिकतम दूरी पर होती है?
1. 3 जनवरी
2. 4 जुलाई
3. 21 जून
4. 23 सितम्बर

प्र063. वर्तमान में देश में कितने औधोगिक संस्थानों को महारत्न का दर्जा मिला है?
1. 2
2. 3
3. 4
4. 5

प्र064. निम्न में से कौन सा शहर भारत का पेरिस कहलाता है?
1. पूणे (महाराष्ट्र)
2. जयपुर (राजस्थान)
3. श्रीनगर (जम्मू–कश्मीर)
4. अहमदाबाद (गुजरात)

प्र065. निम्न में से कौन सा देश हाथियों का देश कहलाता है?
1. लाओस
2. थाइलेण्ड
3. म्यानमार (वर्मा)
4. उपर्युक्त में कोई नहीं

प्र066. उत्तराखण्ड का प्रसिद्व "कार्बेट नेशनल पार्क" किस जिले में है?
1. चमोली
2. नैनीताल
3. गढवाल
4. देहरादून

प्र067. भाखडा नांगल परियोजना किस नदी पर रिथत है?
1. सतलुज नदी पर
2. व्यास नदी पर
3. महानदी पर
4. गंगा नदी पर

प्र068. निम्न में से कौन सी नदी पश्चिम की ओर बहती है?
1. नर्मदा
2. गोदावरी
3. कृष्णा
4. महानदी

प्र069. सबसे अधिक चावल पैदा होता है?
1. पंजाब में
2. मध्य प्रदेश में
3. आन्ध्र प्रदेश में
4. पश्चिम बंगाल में

प्र070. निम्न में कौन सी खरीफ फसल है?
1. मक्का
2. बाजरा
3. ज्वार
4. उपर्युक्त सभी

Scanned by CamScanner

प्र071. गॉधी सागर बॉध है?
1. ओड़ीसा में
2. हरियाणा में
3. हिमाचल प्रदेश में
4. मध्य प्रदेश और राजस्थान में

प्र072. दुधवा नेशनल पार्क स्थित है?
1. उत्तर पदेश में
2. हिमाचल प्रदेश में
3. मध्य प्रदेश में
4. उत्तराखण्ड में

प्र073. विश्व पर्यावरण दिवस है?
1. 5 जून
2. 5 अगस्त
3. 5 जुलाई
4. 28 मई

examrre.in

प्र074. उत्तराखण्ड में कितनी चीनी मिलें है?
1. 10
2. 9
3. 8
4. 11

प्र075. सिकन्दर का भारत पर आक्रमण कब हुआ था?
1. 486 ई0पू0
2. 326 ई0पू0
3. 527 ई0पू0
4. 599 ई0पू0

प्र076. मुगलों से शिवाजी का पहला संघर्ष कब हुआ?
1. 1659 में
2. 1658 में
3. 1657 में
4. 1656 में

प्र077. वेदों में सबसे प्राचीन ग्रंथ कौन सा है?
1. अथर्ववेद
2. यजुर्वेद
3. समवेद
4. ऋग्वेद

प्र078. अखिल भारतीय मुस्लिम लीग की स्थापना कब हुई?
1. ज्नवरी 1906
2. दिसम्बर 1906
3. दिसम्बर 1910
4. दिसम्बर 1916

प्र079. भारत की स्वतंत्रता के समय गवर्नर जनरल कौन था?
1. लार्ड डलहौजी
2. लार्ड क्रिप्स
3. लार्ड माउण्टवेटन
4. लार्ड कर्जन

प्र080. वह सबसे छोटी वर्ग संख्या मालूम करो जो 4, 5, 6, 15, तथा 18 से पूर्णः भाज्य हो?
1. 900
2. 600
3. 700
4. 800

प्र081. वह बड़ी से बड़ी संख्या कौन सी है जो 50 और 75 को पूर्वतः विभाजित करती है?
1. 25
2. 10
3. 15
4. उपर्युक्त में से कोई नहीं

प्र082. एक मीनार पर 20मी0 ऊँचे खम्भे पर झाण्डा लगा है समतल भूमि पर स्थित एक बिन्दु से झण्डे के शीर्ष एवं पाद के उन्नयन कोण क्रमशः 60^0 तथा 30^0 है।मीनार की ऊँचाई क्या है?
1. 10 मीटर
2. 12 मीटर
3. 15 मीटर
4. 25 मीटर

Scanned by CamScanner

प्र083. यदि $x^2+\frac{1}{x^2} = 18$ हो, तो $x-\frac{1}{x}$ का मान क्या होगा?

1. 3
2. 8
3. 5
4. 4

examprep.in

प्र084. किसी धनराशि पर पहले 2 वर्ष के लिए वार्षिक ब्याज की दर 3प्रतिशत है। अगले तीन वर्ष के लिए वार्षिक ब्याज की दर 6 प्रतिशत तथा अगले 5 वर्ष की अवधि के लिए वार्षिक ब्याज की दर 9 प्रतिशत है तो 4000 रू0 का 10 वर्ष के लिये कितना साधारण ब्याज होगा?

1. 2700रू0
2. 2750 रू0
3. 2760 रू0
4. 3200 रू0

प्र085. 24 मिनट में घंटे की सुई कितने अंश घूम जायेगी?

1. 5^0
2. 12^0
3. 60^0
4. 24^0

प्र086. X अक्ष में मूल बिन्दु के निर्देशांक होते है?

1. (0,0)
2. (1,1)
3. (0,1)
4. (1,0)

प्र087. किसी त्रिभुज के तीनों कोणों का योग होता है?

1. 90^0
2. 180^0
3. 270^0
4. 360^0

प्र088. छः लड़कों एवं चार लड़कियों के एक समूह से चार बच्चों का चुनाव करना है। कितने तरह से उनका इस तरह से चुनाव किया जा सकता है ताकि उनमें कम से कम एक लडका हो?

1. 159
2. 194
3. 205
4. 209

प्र089. निम्नाकित में से यूनिवर्सल डोनर रक्त समूह कौन सा है?

1. A
2. B
3. AB
4. O

प्र090. विटामिन "सी" की कमी से क्या हो जाता है?

1. **लकवा**
2. स्कर्वी
3. यक्ष्मा
4. पीलिया

प्र091. मूँगफली में कौन सा रोग लगता है?

1. अनावृत्त कण्डुआ
2. गेरुई
3. टिक्का
4. करनाल बंट

प्र092. निम्न में से कौन सा सूक्ष्म तत्व नहीं है?

1. लोहा
2. तॉबा
3. जस्ता
4. मैग्नीशियम

Scanned by CamScanner

प्र093. श्वसन का नियंत्रण किया जाता है?

1. फेफड़ों द्वारा
2. ट्रेकिया द्वारा
3. मेड्यूला द्वारा
4. हाइपोथेलेमस द्वारा

प्र094. डामनमो का काम है?

1. उच्च वोल्टेज को निम्न वोल्टेज में बदलना
2. निम्न वोल्टेज को उच्च वोल्टेज में बदलना
3. यांत्रिक ऊर्जा को विघुत ऊर्जा में बदलना
4. विधुत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में बदलना

प्र095. विघुत धारा को मापने वाले यंत्र को कहते है?

1. एनिमोमीटर
2. आमीटर
3. अल्टीमीटर
4. बैरोमीटर

प्र096. आर्वत सारिणी में सबसे हल्का तत्व निम्न लिखित में से कौन है?

1. Mg
2. Al
3. Pb
4. Li

प्र097. एन्जाइम है?

1. कार्बोहाइट्रेट
2. प्रोटीन
3. वसा
4. विटामिन

प्र098. उष्मा किस प्रक्रिया से सर्वाधिक तीव्र गति से स्थानान्तरित होती है?

1. चालन
2. संवहन
3. विकिरण
4. उपर्युक्त में कोई नहीं

प्र099. पंचायती राज का मुख्य उदेश्य क्या है?

1. कृषि उत्पादन के बढावा देना
2. रोजगार बढ़ाना
3. लोगों में राजनैतिक जागरूकता बढाना
4. लोगों को विकास मूलक प्रशासन में भागीदार बनाना

प्र0100. स्वर्ण जयन्ती ग्राम रोजगार योजना का प्रारम्भ कब हुआ?

1. 1 अप्रैल, 1999
2. 11 अप्रैल, 2000
3. 21 अप्रैल, 2001
4. 30 अप्रैल, 2002



Scanned by CamScanner